दैनिक जागरण 22/01/2025

जीएमएन में संकाय विकास कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

जागरण संवाददाता • अंबाला : गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज में बौद्धिक संपदा अधिकार (आइपीआर) विषय पर संकाय विकास कार्यक्रम (एफडीपी) का शुभारंभ किया गया। यह कार्यक्रम कालेज प्राचार्य डा. रोहित दत्त के दिशा निर्देशन में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के पहले दिन एमएसएमई- डीएफओ करनाल की सहायक संचालक मीनू धीमान ने रिसोर्स पर्सन के रूप में शिरकत की। मीनू धीमान ने आइपीआर एवं उसके विभिन्न अवयवों से अवगत करवाया और साथ ही यह भी बताया कि हमारे जीवन में इसका क्या महत्व है। उन्होंने पीएमईजीपी ई-पोर्टल, निश्शुल्क उद्यम रजिस्ट्रेशन, पीएमईजीपी के अंतर्गत वित्तीय सहायता एवं कुछ एक महत्वपूर्ण केस स्टडी पर भी चर्चा की। ट्रेडमार्क, डिजाइन, कापीराइट, पेटेंट, भौगोलिक संकेत, पौधों की किस्में, लेआउट डिजाइन, व्यापार रहस्य इत्यादि आइपीआर से जुड़े कुछ उदाहरण हैं। कालेज प्राचार्य ने शैक्षणिक विभाग के सभी सदस्यों एवं कालेज के सभी विद्यार्थियों को इस प्रकार के ज्ञानवर्धक कार्यक्रमों में बढ़ चढ़कर भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। इस मौके पर कनवीनर डा. प्रबलीन कौर एवं को-कनवीनर डा. भारती सुजान, प्रो. रितिका एवं प्रो. जसमीता, सचिव प्रो. कमलप्रीत कौर, डा. गीता कौशिक एवं प्रो. योगिता, डा. सुरेंद्र कुंडू एवं प्रो. शिवानी निझावन सहित सलाहकार समिति के सदस्य डा. शिखा जग्गी, डा. मीनू राठी एवं डा. श्याम रहेजा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

उधर, कालेज में हरियाणा योग आयोग के हर घर परिवार–सूर्य नमस्कार अभियान के तहत छात्रों के लिए सूर्य नमस्कार गतिविधि आयोजित की गई। कार्यक्रम के संयोजक ब्रिजेश कुमार ने कहा कि कालेज हरियाणा योग आयोग के इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग ले रहा है। इसके अंतर्गत कालेज में 26 जनवरी तक हर घर परिवार सूर्य नमस्कार से संबंधित गतिविधि का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान डा. एसएस नैन एवं डा. तृप्ति शर्मा भी मौजूद रहे।

जीएमएन कालेज में कार्यक्रम के दौरान शामिल प्रतिभागी। • सौजन्य विज्ञप्ति